लोक सभा एवं विधान सभा
उप चुनाव, 2019
अत्यावश्यक

बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), पटना–800015.

फोन नं0 :– 0612–2217352
फैक्स नं0 :– 0612–2215611
ई–मेल :– ceo_bihar@eci.gov.in

पत्रांक – 31-3-126/2019-6907 पटना, दिनांक 26 सितम्बर, 2019 ई0।

प्रेषक

बैजूनाथ कुमार सिंह,
उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार।

सेवा में

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–जिला पदाधिकारी,
समस्तीपुर, दरभंगा, किशनगंज, सहरसा, सिवान, भागलपुर एवं बाँका।

विषय :– **23–समस्तीपुर (अ०जा०) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र तथा 54–किशनगंज, 76–सिमरी बख्तियारपुर, 109–दरौंदा, 158–नाथनगर एवं 163–बेलहर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र का उप चुनाव, 2019–कम्युनिकेशन प्लान तैयार करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि आयोग द्वारा बिहार राज्य के एक लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र 23–समस्तीपुर (अ०जा०) एवं पाँच विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र यथा–54–किशनगंज, 76–सिमरी बख्तियारपुर, 109–दरौंदा, 158–नाथनगर एवं 163–बेलहर के उप चुनाव के लिए प्रेस नोट एवं अधिसूचना निर्गत कर दिया गया है। विदित हो कि इस उप चुनाव, 2019 के क्रम में निर्वाचन एवं मतदान प्रक्रिया के सफल संचालन एवं अनुश्रवण हेतु प्रभावी कम्युनिकेशन प्लान का होना आवश्यक है। उक्त के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी/निर्वाची पदाधिकारी/सहायक निर्वाची पदाधिकारी एवं मतदान केन्द्र स्तरीय कम्युनिकेशन प्लान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के वेबसाईट पर "DEO" पोर्टल के अन्तर्गत "Online Reporting" मॉड्यूल में "Communication Plan" के तहत संबंधित विवरणी की प्रविष्टि की जानी है। जिला स्तर पर तैयार किये जाने वाले कम्युनिकेशन प्लान से संबंधित विवरण निम्नवत् है :–

(1) **District Level Communication Plan** – जिला निर्वाचन पदाधिकारी के स्तर पर गठित किये जाने वाले टीम से संबंधित।
(2) **RO Level Communication Plan** –निर्वाची पदाधिकारी स्तर पर गठित किये जाने वाले टीम से संबंधित।
(3) **ARO Level Communication Plan** – सहायक निर्वाची पदाधिकारी के स्तर पर गठित किये जाने वाले टीम से संबंधित।
(4) **Polling Station Communication Plan** – मतदान केन्द्र स्तर पर गठित किये जाने वाले टीम एवं मतदान केन्द्र से निकट के थाना एवं मतदान केन्द्र से संबंधित बी0एल0ओ0 आदि की विवरणी।

उपर्युक्त अंकित कम्युनिकेशन प्लान को जिला निर्वाचन पदाधिकारी के User ID एवं Password की सहायता से अद्यतन किया जाना है।

अतः निदेशानुसार अनुरोध है कि "DEO" पोर्टल के अन्तर्गत Online Reporting मॉड्यूल में "Communication Plan" के तहत उपर्युक्त चारों कम्युनिकेशन प्लान को **दिनांक 10.10.2019 तक** प्रविष्टि कराने की कृपा की जाये। साथ ही मतदान केन्द्र स्तरीय (Polling Station Level) कम्युनिकेशन प्लान की उक्त मॉड्यूल में प्रविष्टि कराने के उपरान्त उसकी शुद्धता की जाँच भी अपने स्तर से कराना सुनिश्चित करेंगे।

इसे कृपया सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाये।

विश्वासभाजन

25/9/2019

(बैजूनाथ कुमार सिंह)
उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार।

"मजबूत लोकतंत्र–सबकी भागीदारी"

ज्ञापांक : 6907 पटना, दिनांक 26 सितम्बर, 2019 ई०।

प्रतिलिपिः– उप निर्वाचन पदाधिकारी, समस्तीपुर, दरभंगा, किशनगंज, सहरसा, सिवान, भागलपुर एवं बाँका को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

26/9/2019

(बैजूनाथ कुमार सिंह)
उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार।

ज्ञापांक : 6907 पटना, दिनांक 26 सितम्बर, 2019 ई०।

प्रतिलिपिः– श्री संजीव शंकर, एस०एल०ए०, निर्वाचन विभाग, बिहार, पटना को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

26/9/2019

(बैजूनाथ कुमार सिंह)
उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार।